तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025

10 एल्बेंडाजोल बच्चों के स्वास्थ्य व शारीरिक...


10 विज्ञान प्रदर्शनी में ढिगाना की संजना अव्वल


## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से गिर कर युवक की मौत, चालक पर केस

**जींद।** गांव रूपगढ़ के निकट ट्रैक्टर से गिर कर युवक की मौत होने पर सदर थाना पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रूपगढ़ निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई अनीश गांव के दिनेश के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर घर की लौट रहा था।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 29 को

**कैथल।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 29 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता डीसी प्रीति करेंगी। इस बैठक में सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### बाउंड्रीवॉल तोड़ने-सामान चोरी करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव देवरड़ खेत की बांउड्रीवॉल तोड़ने, लोहे के एंगल व अन्य सामान चोरी करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव देवरड़ निवासी राधेश्याम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में बाउंड्री वॉल को बनाया हुआ था।

### डोगरा गेट पर हुई मारपीट में दो घायल

**कैथल।** कैथल के डोगरा गेट पर हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। डोगरा गेट कैथल के राम सिंह ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 अगस्त को जब वह डोगरा गेट के सिख वाले मोहल्ले से जा रहा था तो सुखविंदर सिंह, करनैल सिंह, काका, मनजीत सिंह, कृपाल, गुरविंदर सिंह ने लाठी डंडे और नुकीले हथियारों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### सरकारी स्कूल मैदान से सोलर लाइटें चोरी, केस

**जींद।** गांव किनाना सरकारी स्कूल मैदान से पांच सोलर लाइटें तथा बैटरी गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरपंच कविता ने शिकायत में बताया कि सरकारी स्कूल के मैदान व कन्या पाठशाला मे सोलर लाइट लगाई गई थी। बीती रात चोरों ने मैदान से तीन तथा कन्या पाठशाला से दो सोलर तथा बैटरियों को चोरी कर लिया।

### रोडवेज चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव क्योडक के निकट सोमवार को रोडवेज बस की चपेट में आई पिकअप गाड़ी में सवार पांच व्यक्तियों की मौत तथा चार व्यक्तियों के घायल होने के मामले में पुलिस ने हरियाणा रोडवेज के बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मनिया वाला के अमरजीत सिंह ने सदर पुलिस कैथल को दी।

### मकान का टूटा ताला नकदी व सामान चोरी

**जींद।** नरवाना बस अड्डे के निकट चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर आठ हजार रुपये की नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी परमेंद्र ने शिकायत में बताया कि चोरों ने आठ हजार की नगदी, सिलेंडर व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### तार चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** खेतो से तार व अन्य सामान चोरी के मामले में चौकी भागल पुलिस द्वारा दूसरे आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना चीका क्षेत्र अंतर्गत बुढनपुर से रताखेड़ा रोड पर 18/19 अगस्त की रात अज्ञात ने कई किसानों के खेतों से ट्यूबवैल की तार चोरी की थी।







जींद। ओल्ड कोर्ट पर जलभराव के बीच रिक्शा को खींचता व्यक्ति व जलभराव के बीच से निकलता बाइक चालक व बरसाती पानी जलभराव में बंद गाड़ी को धक्का लगाते लोग व सीवन में धर्मशाला रोड पर जमा पानी से निकलते वाहन व राजौंद सेरधा में जोहड़ का पानी आवरफ्लो गलियों में भरा।

*जींद-कैथल में मानसून की सक्रियता के चलते तीसरे दिन भी तेज बरसात का सिलसिला जारी रहा*

# बरसात फसलों के लिए फायदेमंद, आमजन बेहाल

## तालाब का ओवरफ्लो पानी घरों में घुसने से खफा ग्रामीणों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मानसून की सक्रियता के चलते तीसरे दिन मंगलवार को भी रूक-रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिला। बारिश फसलों के लिए तो फायदेमंद मानी जा रही है लेकिन रिहायशी इलाकों में आफत बनने लगी है। जलभराव के हालात भी देखने को मिल रहे हैं। साथ ही मकानों के टपकने का खतरा बना हुआ है। गांव ढिगराह में तेज बरसात के कारण ओमप्रकाश का मकान गिर गया, व तेरह सदस्य बाल-बाल बच गए। मकान गिरागांव दुडाना में ओवरफ्लो तालाब का पानी मकानों में खफा ग्रामीणों ने जाम लगाने को मजबूर होना पड़ा। जिले में औसतन 40.14 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा सफीदों में 80 एमएम बारिश दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 90 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान आकाश में बादल छाए रहने तथा बारिश की संभावना है। पिछले तीनों दिन के दौरान जिले मे मानसून की अच्छी गतिविधिया जारी है। बारिश भी एक साथ जिले में हो रही है। मगंलवार को जिले मे औसतन 40.14 एमएम बारिश दर्ज की गई। सफीदों में 80 एमएम, जींद में 34 एमएम, नरवाना में 57 एमएम, जुलाना में 26 एमएम, उचाना में 40 एमएम, पिल्लूखेड़ा में 28 एमएम तथा अलेवा में 16 एमएम बारिश दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलो से बारिश के आसार भी बने रहे। गांव दुडाना में बरसात से ओवरफ्लो तालाब का पानी मंगलवार को लगभग दो दर्जन मकानों में घुस गया। खफा ग्रामीणों ने अलेवा-राजौंद मार्ग पर अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि तालाब से पानी निकासी की जाए ताकि मकानों में पानी घुसने से को बचाया जा सके। सूचना मिलने पर अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत कर और समझा बुझा कर जाम खुलवाया।

### नरवाना में घरों में घुसा पानी, ढिगराह में मकान गिरा



जींद। नरवाना के रेलवे रोड पर अपोलो चौक के नजदीक जलभराव से निकलते वाहन।

#### रिहायशी इलाको मे बारिश बनने लगी मुसीबत

बारिश अब रिहायशी इलाकों में मुसीबत बनने लगी है। नरवाना अलेवा, जुलाना, सफीदों में बरसात के दौरान सड़कें जलमग्र हो गई। अलेवा इलाके तथा नरवाना में कुछ मकानों में भी पानी घुस गया। तीन दिनों से रूक-रूक बारिश से मकानों के टपकने का खतरा मंडराने लगा है। बारिश ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। आकाश में बादलों के छाए रहने से बारिश के आसार भी बने रहे।

#### किसान मौसम को ध्यान मे रखकर कृषि कार्य करें

बारिश को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। विशेषकर धान फसल के लिए। मानसून सीजन मे धांन बैल्ट सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा में कम बारिश होने से किसान परेशान थे। पिछले तीन दिनों के दौरान हुई बारिश ने उस इलाके के किसानों को काफी राहत दी है। जिले में लगभग पौने तीन लाख एकड़ में धान की फसल लगाई गई है। पूर्व में बारिश न होने से किसानों को चिंता में डाला हुआ था। अब बारिश ने किसानों को काफी राहत दी है। बारिश के कारण मौसम भी सुहाना बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून की सक्रियता लगातार जारी है। जिसके चलते बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। मानसून की गतिविधियां 31 अगस्त तक जारी रहेगी। तापमान में भी उतार-चढाव बना रहेगा। किसान मौसम को ध्यान मे रखकर कृषि कार्य करें।

## नरवाना में मूसलाधार बारिश, शहर जलमग्न

### जलभराव के कारण दुकानें बंद करने के लिए दुकानदार मजबूर

- धन्ना भगत चौक सहित अनेक इलाकों में कई-कई फुट पानी एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को भी मूसलाधार बारिश हुई। कई घंटों तक लगातार बारिश होने से पूरा नरवाना शहर जलमग्न हो गया जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नरवाना में पिछले तीन दिनों से रूक रूक कर तेज बारिश हो रही है। हालांकि मंगलवार अल सुबह मौसम बिल्कुल साफ था लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, मौसम ने करवट बदली और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण ओल्ड कोर्ट रोड, अपोलो चौक, मॉडल टाउन, न्यू बस स्टैंड रोडए पुराना बस अड्डा रोड, पटेल नगर, धन्ना भगत चौक सहित अनेक इलाकों में कई-कई फुट पानी एकत्रित हो गया। ओल्ड कोर्ट रोड पर ओवरब्रिज बनने के बाद सबसे ज्यादा पानी यहां एकत्रित होने लगा। जिसका खामियाजा यहां के दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। यहां दुकानों के अंदर तक बरसाती पानी चला जाता है और दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कई-कई फुट बरसाती पानी खड़ा होने के कारण दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। मेन रोड पर जलभराव होने के कारण स्कूलों की छुट्टी होने पर बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा और बरसाती पानी के बीच से ही बच्चों को निकलना पड़ा। वाहन चालकों को जलभराव के कारण काफी परेशानी उठाना पड़ी। कई वाहन बरसाती पानी ज्यादा होने के कारण पानी में ही बंद हो गए और उन्हें धक्का लगा कर आगे की ओर ले जाना पड़ा। तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते हालांकि तापमान में काफी गिरावट आई और लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिली लेकिन जलभराव के चलते लोगों को भारी परेशानी उठाना पड़ी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार बारिश होने से जलभराव की स्थिति बन गई। कई गांवों में तालाब लबालब पानी से भर गए और गांव की कई गलियों में भी जलभराव हो गया। प्रशासन लगातार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और प्रशासनिक अधिकारी लगातार गांव के दौरे कर रहे हैं।



नरवाना। शहर की पॉश कॉलोनी मॉडल टाऊन में जलभराव। फोटो :हरिभूमि

#### अधिकारियों को दिए निर्देश

एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र ने कहा कि उन्होंने जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग को विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं कि जलभराव से निपटने के लिए विभाग पुख्ता प्रबंध करे। बीडीपीओ को भी आदेश दिए गए हैं कि वे गांव में भी जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए तमाम प्रबंध करें ताकि आम लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

#### पुख्ता प्रबंधः सौरभ गर्ग

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सौरभ गर्ग ने बताया कि नरवाना क्षेत्र के खेतों में अभी जलभराव की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए विभाग ने पर्याप्त प्रबंध किए हैं। फिलहाल धमतान डिस्ट्रिब्यूटरी की आरडी 85000, उझाना में बीएमडी आरडी 45000 पर दो पंप हाउस, सुरबरा पंप हाउस, भाणा ब्राह्मण ड्रेन के पंप हाउस जल निकासी के लिए चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को भी तहसीलदार नरवाना के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति का जायजा लिया।

## सीवन : निकासी न होने से नगर में जलभराव अव्यवस्था ने बढ़ाई नगरवासियों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

रविवार दोपहर से शुरू हुई बरसात मंगलवार तक रुक-रुक कर जारी रही। इस बरसात ने जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी, वहीं नगर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या ने परेशानी बढ़ा दी। कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ गया। इससे आवाजाही में परेशानी हो रही है और राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। नगर पालिका की ओर से इंजन लगाकर पानी निकासी शुरू की गई है, लेकिन हालात अभी भी काबू में नहीं हैं। रामा आश्रम रोड, डीएवी स्कूल के सामने वाली सड़क, मेन बाज़ार, डीएवी कॉलोनी और कोऑपरेटिव सोसाइटी के पीछे के गली में और नगर की कई गलियों में पानी भरने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया। यहां तक कि नगर पालिका कार्यालय का प्रांगण भी जलभराव से अछूता नहीं रहा।

#### तालाब ओवरफ्लो होने से बढ़ी परेशानी

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि बरसात के कारण तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आया है, लेकिन उसे निकालने के लिए 2 इंजन लगा दिए गए हैं। पानी की निकासी का कार्य किया जा रहा है। समस्या का समाधान जल्द ही कर लिया जाएगा और नागरिकों को राहत दी जाएगी।

#### पुख्ता इंतज़ाम किए जाएं

सौथा रोड वाले तालाब से निकासी का प्रबंध करने के बाद पानी सीधे तालाब में गया और स्थिति बेहतर रही। यह उदाहरण बताता है कि यदि समय रहते पुख्ता इंतज़ाम किए जाएं तो समस्या पर काबू पाया जा सकता है। लगातार बरसात से बाजारों और गलियों में कीचड़ फैल गया। लोग अपने घरों और दुकानों को सुरक्षित रखने के लिए पॉलिथीन और तिरपाल खरीदते नज़र आए।

## कैथल में गलियां और निचली कालोनियां जलमग्न

- मानसून की सक्रियता के कारण चौबीस घंटे में 47.3 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में मानसून के अंतिम चरण में शुरू हुई बरसात मंगलवार को तीसरे दिन भी दिनभर जारी रही। बरसात से जहां किसानों की धान की फसल को फायदा मिल रहा है, पर शहर की अधिकतर कॉलोनियों में जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिन तक भारी बारिश होने के लिए आंशका जताई है। अगस्त की शुरूआत में बारिश सामान्य दर्ज की गई, लेकिन अब माह के अंतिम सप्ताह में बारिश ने सारी कमी पूरी कर दी है। बारिश होने से शहर में मौसम दो दिनों से बुहत खुशनुमा बना दिया है। जिससे अधिकतम व न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, पिछले 24 घंटे में जिले के सभी सात खंडों में कुल 165 एमएम बारिश दर्ज की गई, जो औसतन 23.5 दर्ज की गई। शहर के डोगरा गेट, माता गेट, प्रताप गेट, अमरगढ़ गामड़ी सहित पुराना बस स्टैंड क्षेत्र डेढ़ से दो फीट भरा पानी भर गया है जिससे बारिश के बाद कई ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरे दिन भी तीन घंटे तक बिजली भी रही गुल रही है। शहर की कई निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है जिससे उनको परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है।



कैथल। बरसात के कारण जलमग्न गलियां। फोटो :हरिभूमि

#### तीस तक बारिश का अनुमान

कृषि विज्ञान केंद्र कैथल के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया है कि तीन से चार दिनों तक बारिश की ऐसी ही स्थिति की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को अधिकतम 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले दो दिनों से जारी बारिश और बदलते तापमान ने लोगों को गर्मी व उमस से मौसम को आरामदायक बनाए रखा है। मानसून की इस स्थिति को देखते 30 अगस्त तक बारिश का अनुमान जताया है।

### मुरमुरा का मिश्रण मिला खराब, रिकार्ड नही मिला सही

# सीएम उड़नदस्ते ने आंगनबाड़ी केंद्र पर छापेमारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मंगलवार को उचाना मंडी स्थित जय माता कालोनी धक्का बस्ती के आंगनबाड़ी में छापेमारी की। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों के रिकार्ड की जांच की गई तो वो सही नही पाया गया। इसके साथ ही मुरमुरा का मिश्रण भी खराब मिला। जिस पर उडऩदस्ते द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को भेजी जाएगी और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते को सूचना मिली थी कि उचाना मंडी स्थित जय माता कालोनी धक्का बस्ती के आंगनबाड़ी में खाद्य पदार्थों का रिकार्ड सही तरीके से मेनटने नही किया जा रहा है। इसके अलावा खाद्य पदार्थ भी सही तरीके से नही रखे जा रहे हैं। सूचना के आधार पर एसआई बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने आंगनबाड़ी पर दस्तक दी। उनके साथ एसआई सतपाल, एएसआई चरण सिंह, भारतीय खाद्य निगम के क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर जितेंद्र, महिला एवं बाल कल्याण विभाग उचाना से सुपरवाइजर कविता, सुपरवाइजर लक्ष्मी साथ रही। टीम ने जब रिकार्ड की जांच की तो वो सही नही पाया गया। वहीं टीम ने बच्चों को दिए जाने वाले मुरमरा मिश्रण को जांचा तो वो खराब मिला।



उचाना। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

#### विभाग को रिपोर्ट भेजी

टीम ने आंगनबाड़ी वर्कर मिनाक्षी से पूछताछ की तो वो संतोषजनक जवाब नही दे सकी। जिस पर टीम ने संबंधित विभाग को रिपोर्ट तैयार कर भेज दी है। आगामी कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री उडनदस्ते के एसआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी में की गई जांच में खामियां मिली है। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को भेज दी है।

## कैथल में ट्रेडिंग में रुपये लगवा 60.50 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुहला में एक युवक से ट्रेडिंग में रुपये लगवा 60 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। अज्ञात आरोपियों ने पीड़ति को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का फर्जी सर्टिफिकेट भेजा और शेयर मार्किट में रुपये लगवा लिए। बाद में निकलवाने पर राशि नहीं निकली। इस संबंध में युवक ने साइबर थाना की पुलिस को शिकायत दी है। साइबर थाने में दी गई शिकायत में गुहला निवासी इकबाल ने बताया कि उसके एक्सिस बैंक और पंजाब नेशनल बैंक में खाते हैं। दोनों बैंक खातों में उसका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड है। गत छह जुलाई को उसने फेसबुक पर एक स्टॉक मार्केट के संबंध में एक विज्ञापन देखा। उसने विज्ञापन पर क्लिक किया तो एक्सिस डायरेक्ट के नाम से एक वेबसाइट खुल गई। वेबसाइट के मांग अनुसार उसने अपनी सारी डिटेल उस पर भर दी। साथ ही दस्तावेज भी अपलोड कर दिए। इससे उसका वेबसाइट पर खाता खुल गया, जिसमें कस्टमर केयर की सुविधा थी। 15 जुलाई को वह जब उस एप को खोलने लगा तो एप नहीं खुली।

## खबर संक्षेप

### सचिन, रोहित व समय पेगां ने जीता सिल्वर

**जींद।** 19 से 23 अगस्त तक श्रीनगर में आयोजित खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में हरियाणा रोइंग से सात इवेंट में भाग लिया। जिसमें चार इवेंट में खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे और मेंस फॉर इवेंट में मोहित चहल, सचिन, रोहित रंगी व समय पेगां ने सिल्वर मेडल जीता। सिंगल इवेंट में सक्षम, डबल में दीक्षा व पवित्रा, लड़कियां के फॉर इवेंट में रिया, नैना, संगीता और तमन्ना ने भाग लिया।

### आइटीआई में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने की। इस अवसर पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राइटिंग प्रतियोगिता से हुई।

### संदिग्ध हालात में दो बहने लापता, केस दर्ज

**जींद।** चाबरी कालोनी से दो बहनों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला सदर्ज किया है। चाबरी कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी दो भांजी घर से संदिग्ध हालात मे गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उनका कोई सुराग नही लगा।

### आज होगा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

**जींद।** हरियाणा टेक्निकल एसोसिएशन द्वारा अन्ना टीम जींद के सहयोग और समन्वय से बुधवार को सुबह 11 बजे उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय साइबर हाइजीन एवं डिजिटल सुरक्षा रहेगा। कार्यक्रम में सभी प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ एवं उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र कलायत में 30 को

**उचाना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस विदेशी मामलो संबंधित विभाग कमेटी के उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह 30 अगस्त को कलायत पहुंच रहे है। यहां पर उनका भव्य स्वागत कलायतए नरवाना एवं उचाना हलके के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। 20 को जींद में आयोजित पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की जयंत पर सदभावना दिवस से कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की शुरूआत की थी।

### नशा जागरूता अभियान चलाया जाएगा : संदीप

**उचाना।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की प्रदेश कार्यकारिणी की पहली मीटिंग जींद में आयोजित हुई। प्रदेश महासचिव संदीप चहल ने कहा कि मीटिंग का श्रेय सभी पदाधिकारियों को जाता है। मीटिंग में राष्ट्रीयध्यक्ष रामावतार पलसानिया पहुंचे थे। विभिन्न मुद्दों पर मीटिंग में चर्चा हुई। नशा किसी समाज को जड़ों और नींव को खोखला कर देता है।

### पर्यावरण जागरूकता एक दिवसीय बाजार तीस को

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में 30 अगस्त को आयोजित होने वाले पर्यावरण जागरूकता एक दिवसीय बाजार की तैयारियों को लेकर प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में बैठक की। कालेज कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों व समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु गतिविधियां आयोजित करेगा।

### गेहूं चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने टोल प्लाजा के निकट गोदाम से 60 बैग गेहूं के चोरी करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। नरवाना निवासी अंकित ने गत 23 अगस्त को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने टोल प्लाजा के निकट गोदाम बनाया हुआ है।

## जिले में चार लाख 73 हजार 811 लाभार्थियों को किया लक्षित

# एल्बेंडाजोल बच्चों के स्वास्थ्य व शारीरिक विकास के लिए बहुत फायदेमंद : सीएमओ

### 12 टीमों ने की निगरानी, दवा खाने से पेट के कीड़े समाप्त, खून बढ़ेगा

### जो भी बच्चा दवा खाने से छूटा वो मॉपअप दिवस दो सितंबर को खिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मंगलवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली के दिशा-निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बच्चों को अपने हाथों से एलबेंडाजोल की गोलियां खिला कर अभियान की शुरूआत की। अभियान के तहत जिले में चार लाख 73 हजार 811 लाभार्थियों को गोली खिलाने के लिए लक्षित किया गया है। जिसमें एक वर्ष से 19 तक की आयु के बच्चों को चार लाख 73 हजार 811, 20 से 34 वर्ष तक की आयु की 36838 महिलाएं शामिल रही। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बारह निगरानी टीमें तैनात की थी। जो विभिन्न स्कूलों में जाकर दवा के वितरण और बच्चों की प्रतिक्रिया पर निगरानी रख रही थी। आज जो छूटा वो दो सितंबर को अवश्य खाए गोलीः एक से दो वर्ष तक के बच्चों के लिए आधी गोली व दो से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए पूरी गोली चम्मच में पीस कर दी गई है। वहीं 3 से 19 वर्ष तक के बच्चे पूरी एक गोली दी गई है। इसके खाने से पेट के कीड़े मर जाते हैं व खून बढ़ना भी शुरू हो जाता है। यदि कोई बच्चा आज के दिन छूट जाता है तो उन्हें मोपअप दिवस दो सितंबर को एल्बेंडाजोल गोली जरूर खिलाएं। जिलाभर में स्वास्थ्य टीमों ने बच्चों को एल्बेंडाजोज की गोलियां खिलाई हैं ताकि बच्चों को कुपोषण व खून की कमी न हो और उनका शारीरिक व मानसिक विकास पूर्ण रूप से हो सके। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि यह कार्यक्रम 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के लिए व 20 वर्ष से 24 वर्ष तक के शादीशुदा महिला (गर्भवती व शिशु को दूध पिलाने वाली माताओं) के अतिरिक्त के लिए भारत वर्ष में मंगलवार को को मनाया गया है। सभी आंगनवाड़ी, स्कूल के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाई गई है। सभी बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बताए गए निर्देशों की पालना करते गोली खिलाई गई है। एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों के स्वास्थ्य व उनके शारीरिक विकास के लिए बहुत फायदेमंद है।



जींद। बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। राजकीय स्कूल में बच्चों को गोलियां खिलाते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

#### सरकार ने जारी

महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के पेट के कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि यह दवा कृमियों को खत्म कर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में मदद करती है। प्रिंसिपल रीटा अरोड़ा ने कहा विद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार के प्रत्येक अभियान का अनुमोदन करता है।

#### एल्बेंडाजोल की गोली खाने से लाभ

एनीमिया में कमी एवं पोषण स्तर में वृद्धि।, बच्चों में शारीरिक वृद्धि एवं वजन बढ़ना।, मानसिक एवं शारीरिक विकास में बढ़ोत्तरी।,अन्य बीमारियों से बचने हेतु प्रतिरोधी क्षमता बढ़ना।,बच्चों की याददाश्त में वृद्धि करना।

# छात्र समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

- यूजर आईडी से लेकर हॉस्टल में फीस कटवाने को काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को छात्र समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता सुमित लाठर ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन एक महीने से विद्यार्थियों के लिए समस्या पर समस्या पैदा किए जा रहा है। इस बार विश्वविद्यालय में ऑनलाइन मोड में फीस काटी जा रही है जो यूसीआईसी के अंतर्गत आता है। मगर न तो इनके विभाग आईयूएमएस में कर्मचारी समय पर मिलते हैं। जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित हो रही है और एक महीना बीत जाने के बाद भी विद्यार्थी यूजर आईडी से लेकर हॉस्टल में फीस कटवाने तक बार-बार आईयूएमएस के चक्कर काट रहे हैं। वहीं विवि इस विभाग को एक दिन का लगभग अढाई लाख रुपये देता है। जबकि विभाग विद्यार्थियों के लिए समस्या बना हुआ है। इसके साथ-साथ एनएसयूआई के जिला प्रधान मोहित लाठर ने कहा अगर समस्या का समाधान जल्द नही हुआ तो रोष प्रदर्शन के साथ-साथ करेंगे व्यापक स्तर पर बड़ा आंदोलन होगा। संगठन के युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर, गोविंद सैनी, अभिषेक जुलाना आदि मौजूद रहे।



जींद। ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि



जींद। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### क्विज में आदित्य और परी तृतीय

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के मेधावी छात्र आदित्य एवं छात्रा परी ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एडीएस विषय पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तर्कशक्ति और विज्ञापन की दुनिया के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। विभिन्न चरणों में आयोजित इस क्विज में छात्रों को विज्ञापन जगत से जुड़े सामान्य ज्ञान वर्तमान प्रवृत्तियों, स्लोगन, लोगो तथा संचार कौशल से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कठिन प्रश्नों के बावजूद आदित्य और परी ने अपने आत्मविश्वास, तत्परता और तैयारी के बल पर शानदार प्रदर्शन किया और निर्णायकों की सराहना प्राप्त की। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों बधाई दी और उनको प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर कर सम्मानित किया। यही नहीं प्राचार्य ने दोनों छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए एक हजार की प्रोत्साहन राशि भेंट की।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**जींद।** सात सितंबर को जींद के अग्रसेन स्कूल स्कूल में आयोजित होने वाले उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक, युवती परिचय सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जींद का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके दिल्ली स्थित निवास पर मिला। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सावर गर्ग, महासचिव रामधन जैन, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, प्रेस सचिव सोनू जैन, पिल्लूखेड़ा इकाई के संयोजक चंद्रभान गर्गए दिल्ली से अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल, फरीदाबाद से परिचय सम्मेलन के संयोजक गौरव गर्ग सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सात सितंबर को जीन्द में होने वाले भव्य परिचय सम्मेलन के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

#### एल्बेंडाजोल 200 छात्राओं को वितरित

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए कार्यक्रम के तहत हिंदू कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रांस सेल द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डा. सीमा दलाल द्वारा किया गया। इस दौरान एल्बेंडाजोल दवाइयों का वितरण महाविद्यालय की 200 छात्राओं को किया गया। डा. सीमा दलाल ने छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवा के सेवन के तरीके, उसके लाभ और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि दवा का सेवन कैसे करना है और इसके दौरान किन बातों का ध्यान रखना है। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी छात्राओं को संबोधित करते एल्बेंडाजोल की दवा के सेवन और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण एक आम समस्या है, जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है लेकिन अलबेंडाजोल जैसी दवाओं के माध्यम से इसका आसानी से इलाज किया जा सकता है।



एसडी महिला कॉलेज में छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टेबलेट देती प्राचार्या अंजना लोहान।



जींद। छात्राओं को दवा खिलाते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

#### छात्राओं को दी गई एल्बेंडाजोल दवाई

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनीता छाबड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं को कृमि संक्रमण से बचने के लिए कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवाई दी गई। कॉलेज प्राचार्या ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। जिसमें हमारे कॉलेज का रेडक्रॉस सेल अपनी ओर से पूरा सहयोग करता है। इस पहल का लक्ष्य है देश के एक से 19 वर्ष की आयु तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाकर उनके स्वास्थ्य, पोषण और बौद्धिक विकास में सुधार करना है। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने दवाई वितरित करते हुए कहा कि इस दवा को खाली पेट नही लेना चाहिए। इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

#### नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में जींद पुलिस द्वारा नशा व साइबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। क्रम में सनातन धर्म वमावि नरवाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीएसपी नरवाना कमलजीत राणा, नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम व बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ ने भाग लिया। डीएसपी कमलजीत राणा ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक व सामाजिक रूप से बर्बाद कर देती है। इससे दूर रहना और समाज को भी इसके प्रति सजग करना हम सभी की जिम्मेदारी है। नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं। अगर तुम स्वस्थ और नशा मुक्त रहोगे तभी देश भी सुरक्षित रहेगा। इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम में साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे पर भी चर्चा की गई। यदि कोई व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाता है तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें।



एसडी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते डीएसपी कमलदीप राणा।



जींद। पोस्टर लॉच करते हुए राजन चिल्लाना। फोटो :हरिभूमि

#### गणपति महोत्सव आज से

**जींद।** रिद्धि सिद्धि क्लब द्वारा 27 से 29 अगस्त तक भव्य गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेंगे। महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह रहेगी कि इसमें स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जो कक्षा 3 से 12 तक तीन वर्गों में सम्पन्न होगी। इस प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन डा. राजन चिलाना ने किया। उन्होंने कहा कि गणपति महोत्सव केवल धार्मिक उत्सव नही है बल्कि यह बच्चों में कला, संस्कृति और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का अवसर भी है। चित्रकला प्रतियोगिता से बच्चों की छुपी प्रतिभा को मंच मिलेगा और समाज को नई दिशा है। प्रतियोगिता की प्रविष्टियां जमा करवाने की अंतिम तिथि 27 अगस्त निर्धारित की गई है। प्राप्त प्रविष्टियों में से चयनित 30 प्रतिभाशाली विजेता बच्चों को 29 अगस्त को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस महोत्सव की एक और बड़ी आकर्षण होगा।




जींद। बैठक में चुनी गई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

### नरवाना सिटी सब डिवीजन के अध्यक्ष बने कृष्णा

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा नरवाना डिविजन कार्यकारिणी बैठक का आयोजन सब डिवीजन नरवाना में अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मंच का संचालन सब डिवीजन अध्यक्ष कर्मपाल सिद्धू ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सिटी सब डिवीजन नरवाना की कार्यकारिणी गठन करना रहा। बैठक में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष नरेश बालू बैठक में आए हुए सभी कर्मचारियों को 58 साल का रोजगार सुरक्षित होने पर बधाई दी व कर्मचारियों को बताया यह आपके संगठन की ऐतिहासिक जीत है। प्रदेश अध्यक्ष कंवरपाल ने कहा कि सभी कर्मचारियों का डाटा मांगा गया है, प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपनी खुद की जिम्मेदारी समझते हुए सभी साथियों का डाटा साफ -सुथरा अच्छे तरीके से अपलोड करवाएं। कुछ साथियों के सवाल थे जो कर्मचारी पांच साल से नीचे रह गया है, उनका क्या होगा। अध्यक्ष ने कहा कि जो कर्मचारी साथी पांच साल से नीचे रह गए हैं, उनको घबराने की जरूरत नही है। किसी भी साथी के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# पच्चीस बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांचा

- वार्ड नंबर 13 जुलाना में हैल्थ विभाग के सहयोग से शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अमर ज्योति फाउंडेशन ओल्ड एज होम वार्ड नंबर 13 जुलाना में हैल्थ विभाग के सहयोग से हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया तथा मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि समय-समय पर इस प्रकार के मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप बीमार बुजुर्गों के इलाज में अहम योगदान देते हैं। इससे पहले भी बीमार बुजुर्गों के ईलाज हेतू ओल्ड एज होम में हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाते हैं। सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. नवदीप मलिक, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. गितांशु, इरफान व अर्जुन सहायक द्वारा लगभग 25 बीमार बुजुर्गों का पूर्ण चेकअप व टैस्ट किए गए तथा दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा समाज एवं कल्याण विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे, बुजुर्गों की पेंशन संबंधित समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए विस्तार से जानकारी ली। अधिकार मित्र शकुंतला, रेणु वर्मा ने उपस्थित बुजुर्गों को कानूनी सहायता तथा राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी। इस हेल्पलाइन नंबर पर घर बैठकर किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते है।




जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि



उचाना। मीटिंग को संबोधित करते रिछपाल काब्रच्छा। फोटो :हरिभूमि

### प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**उचाना।** रेस्ट हाउस में आयोजित छातर मंडल के एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में केंद्र तथा राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचने के उद्देश्य से वक्ता के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता रिछपाल शर्मा पहुंचे। शर्मा ने तंज कसते हुए वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेताओं को नसीहत दी कि राहुल गांधी इलेक्शन कमीशन द्वारा ही सांसद के रूप में वैध प्रमाण पत्र लेकर विपक्ष के नेता बने हुए हैं। इसलिए उन्होंने अपनी सदस्यता छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की लोक कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर अंतिम पंक्ति का व्यक्ति सरकार से पूर्णतया संतुष्ट है। गरीबों के लिए आवास योजना, शहरों में भी 100 गज के प्लांटए देश व प्रदेश की चमचमाती सड़के प्रगति के गीत गा रही हैं। बिना खर्ची पर्ची रोजगार, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना अनेकों स्कीम में देश के हर नागरिक के लिए आइकन बन गई है। विपक्ष आज मुद्दा विहीन हो चुका है। प्रशिक्षण शिविर में भगवती प्रसाद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यए एडवोकेट राजेश शर्मा पूर्व मंडी प्रधान नरवाना ने अपने विचार प्रस्तुत किए।



उचाना। श्री श्याम महोत्सव को लेकर निमंत्रण देते आयोजक कमेटी सदस्य।

### श्री श्याम महोत्सव का दिया निमंत्रण

**उचाना।** श्री सांवरिया फैन क्लब उचाना मंडी द्वारा पांचमी विशाल निशान यात्रा एवं श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव को लेकर टीम बना कर निमंत्रण टीम द्वारा दिया जा रहा है। 29 अगस्त को पांचवी विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह निशान यात्रा शाम पांच बजे लितानी रोड अंडरपास के पास स्थित बाला जी मंदिर से शुरू होकर अग्रेसन मंदिर तक जाएगी। गौरव, सचिन, गोपाल, रमेश मंगला, रिंकू, सचिन ने बताया कि 30 अगस्त को श्री श्याम महोत्सव का आयोजन धूमधाम से होगा। पुरानी अनाज मंडी के रामलीला ग्राउंड में ये आयोजन होगा। पुष्प एवं ईत्र वर्षा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं पर की जाएगी। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुत अत्री एवं सुषमा अत्री पहुंचेगे। भजन गायक प्रिंस बजाज पानीपत, अजर अली खाटूश्याम, शिवम गोयल उचाना मंडी एवं शर्मा सिस्टर कानपूर होंगे। महोत्सव में सुंदर-सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी।

## जिला स्तरीय विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी का किया आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी में ढिगाना की संजना अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिफेंस कॉलोनी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को जिला स्तरीय विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी व जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन जिला विज्ञान विशेष विशेषज्ञ रणधीर लोहान के दिशा-निर्देशन में किया गया। जिले के सात ब्लॉकों से 21 टीम ने विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी व 14 टीमों ने साइंस सेमिनार में भाग लिया।

जिला शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा व उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने विद्यार्थियों की प्रदर्शनी व सेमिनार का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण में प्रदूषण प्लास्टिक व वेस्ट मैनेजमेंट पर बेहतरीन प्रोजेक्ट बना कर पर्यावरण संतुलन बनाने पर विशेष जोर दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय स्कूल ढिगाना की छात्रा संजना ने 12 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार, राजकीय स्कूल खरड़वाल से प्रिया ने 10 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार व राजकीय कन्या स्कूल नरवाना की छात्रा अवनी ने आठ हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार जीता। वहीं राजकीय स्कूल पिल्लूखेड़ा की छात्रा मीनाक्षी ने पांच हजार रुपये सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजकीय महाविद्यालय जींद से डा. विक्रम सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से डा. संजय अरोड़ा व सहायक प्रोफे सर सतीश कुमार शामिल रहे।




प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाया मॉडल व बारे में जानकारी हासिल करते डीईओ।

#### विजेताओं को किया सम्मानित

विज्ञान सेमिनार क्वांटम युग का आगाज में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरवाना की छात्रा एकता प्रथम, अर्बन एस्टेट स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल जींद की छात्रा तृषा यादव द्वितीय व डिफेंस कॉलोनी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जींद के विद्यार्थी आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी, उप शिक्षा अधिकारी व स्कूल प्राचार्य नरेंद्र खटकड़ ने विजेताओं को सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर लोहान ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल से सविता लाठर, डा. सुरेंद्र नैन, डा. रामकेश दलाल व रिंकी का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### पूंडरी को उपमंडल का दर्जा देने की मांग रखी

**कैथल।** विधायक सतपाल जांबा ने हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान पूंडरी को उपमंडल का दर्जा देने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधा के लिए यह कदम उठाना समय की मांग है। कहा कि पूंडरी के लोगों को राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यो के लिए कैथल जाना पड़ता है। जिससे उनका समय और पैसा ज्यादा लगाता है। अगर पूंडरी को उपमंडल का दर्जा मिल जाए तो हलके करीब 54 गांव के लोगों को फायदा होगा। हलके के विकास कार्यो को गति मिलेगी और लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं नजदीक ही उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा जांबा ने गांवों में निकासी की समस्या को दूर करने के लेकर बने खुले नालों को अंडरग्राउंड करने का सुझाव भी दिया।



### उकलाना रेलवे लाइन शुरू करने की मांग

**कैथल।** रेल यात्री कल्याण समिति की एक मीटिंग आर्य समाज मंदिर करनाल रोड पर प्रधान बलवंत सिंह जाटान की अध्यक्षता में हुई। आडिटर ईश्वर दास अरोडा, महासचिव अमित गुप्ता, पवन शर्मा, सतपाल गुप्ता, जिला सचिव रतन सिंह चंदाना ने बताया की वर्ष 2014 के बजट में नरवाना उकलाना रेलवे लाईन पास हुई थी परंतु आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस लाईन के बनने से यात्रियों का समय भी बचेगा तथा रेलवे बोर्ड को भी इसका लाभ होगा। इसी कडी में रेल यात्री कल्याण समिति मजबूरन एक-एक दिन का धरना नरवाना व उकलाना में देगी।

### एडीसी कम डीएमसी दीपक बाबू लाल करवा ने उठाया शहर को स्वच्छ बनाने का बीड़ा

# शहर के विभिन्न क्षेत्रों को निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**सभी अधिकारियों को दिया एक-एक वार्ड के निरीक्षण का जिम्मा, सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर करवाया कचरे का उठान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल शहर के गंदगी के दिन लदते नजर आ रहे हैं क्योंकि अब कैथल के एडीसी एवं डीएमसी दीपक बाबूलाल करवा ने शहर को स्वच्छ बनाने का जिम्मा उठाया है। उन्होंने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ नगर परिषद की टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर कचरे के सैकेंडरी प्वाइंट पाए गए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर कई जगह से कचरे का उठान करवाया और शहर की सफाई को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा मंगलवार सुबह बारिश के बावजूद प्रातः करीब 7 बजे शहर की सफाई व्यवस्था को जांचने के लिए निकल पड़े। उनके साथ नगर परिषद के ईओ दीपक कुमार मौजूद रहे।





एडीसी कम डीएमसी दीपक बाबूलाल करवा मंगलवार को प्रातः 7 :30 बजे बरसात के बीच सफाई व्यवस्था का जायजा लेते।

### सफाई कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश

सबसे पहले वे जाट कालेज के पास साइट पर पहुंचे, उसके बाद भगत सिंह चौक, पुराना बस स्टैंड, आरकेएसडी कॉलेज के नजदीक अंबाला रोड पर, श्मशान घाट के पास, ख्रुराना रोड, रेलवे गेट, जाखौली अड्डा तथा गीता भवन चौक का निरीक्षण किया। नपा के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया और खाली पड़े प्लाटों एवं सैकेंडरी प्वाइंट पर पड़े कूड़े को उठाने के निर्देश दिए।

### प्लास्टिक का उपयोग न करे

उन्होंने कहा कि सफाई कार्य को गंभीरता से लिया जाए। डंपिंग प्वाइंट से कचरे का समय पर उठान किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने कचरे को डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। जगह जगह कचरा प्वाइंटस न बनाएं और अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने दुकानदारों व आमजन से यह भी आह्वान किया कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करें। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान को स्वच्छ बनाना हमारा लक्ष्य है और यह लक्ष्य प्रशासन के साथ साथ आमजन से सहयोग से पूरा होगा।

### नप के अधिकारी व कर्मचारियों को सौंपा एक-एक वार्ड का जिम्मा

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने जब से नप के डीएमसी का कार्यभार संभाला है तभी से स्वच्छता का पहिया घूमता नजर आ रहा है। एडीसी जहां स्वयं वार्ड वार्ड जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं तो वहीं अब उन्होंने नप के कार्यकारी अधिकारी से लेकर ग्रुप डी कर्मचारियों को एक एक वार्ड का जिम्मा सौपा है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर छात्रों को बांटी एलबेंडाजोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

शहीद गुरदीप सिंह मुल्तानी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंगोंध विभागीय दिशा निर्देश अनुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की की गोलियां खिलाई गई। इसके अंतर्गत क्लस्टर अंगोंध के अधीन आने वाले सभी प्राथमिक, माध्यमिक राजकीय व अराजकीय विद्यालयों में पंजीकृत विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई जानी है। उक्त जानकारी देर हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। प्रत्येक बच्चे को जो लक्षित आयु वर्ग में है यह गोली जरूर खिलाई जानी है।

इस गोली को खिलाने से बच्चों को कृमि मुक्त जनित बीमारियो से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे गोली खाने से आज वंचित रह जाएंगे उनको 2 सितंबर को एलबेंडाजोल टैबलेट्स खिलाई जाएंगी। वरिष्ठ पंजाबी प्रवक्ता अवतार सिंह ने बताया कि विभागीय दिशानिर्देश अनुसार उपरोक्त कार्यक्रम राज्यस्तर पर राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक से उन्नीस वर्ष के बच्चों को कृमि मुक्त कर विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक ओर सामाजिक विकास करना है। विद्यालय से टी जी टी पंजाबी अध्यापक व जूनियर रैड क्रॉस काउंसलर बूटा सिंह ने बताया कि यह गोली 1- 2 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आधी और 2- 19 वर्ष के बच्चों को पूरी खिलाई जानी हैं । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व सामाजिक महत्व के कार्यक्रमों ने निजी रुचि लेकर हम सभी देश की भावी पीढ़ी के सामाजिक व शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



विद्यार्थियों को दवाइयां बांटते अध्यापक

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विद्यालय से अध्यापक बीनू , अनिल, सुनील, धर्मपाल, कृष्ण कुमार, प्रवीण ,देवी राम, सुख देवी, रविन्द्र सिंह, बलवान, सुनील ड्राइंग ,सोनिया,संदीप ,मंगत राम आदि व सैंकड़ों पात्र छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी

- बिजली संबंधी कार्य की एवज में ढांड कर्मचारी फैला रहे भ्रष्टाचार : राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

युवा भाकियू हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड की अगुवाई में किसानों ने विद्युत निगम ढांड के प्रांगण में बिजली बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। किसानों ने दो टूक चेतावनी दी है कि अगर निगम कर्मचारियों ने अपने रवैये में बदलाव, लोगों के समय पर काम नहीं किए और काम करने की एवज में सुविधा शुल्क की मांग करना बंद नहीं किया तो भाकियू निगम के खिलाफ सडक़ों पर उतरने पर मजबूर होगी। जिसकी सारी जिम्मेवारी निगम की होगी। किसान नेता राजीव आर्य ने आरोप लगाया कि बिजली बोर्ड में आने वाले उपभोक्ताओं के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली व रवैया किसी सूरत में ठीक नहीं है। लोग अपने बिजली संबंधी बिजली के बिल, मीटर व रिडिंग ठीक करवाने, खराब ट्रांसफार्मर ठीक करवाने सहित अन्य कार्यों के लेकर निगम कार्यालय के चक्कर काटने पर मजबूर है। कर्मचारी अकसर कार्यालय में ड्यूटी पर देरी से आते है और कार्य करने की एवज में सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। सुविधा शुल्क न देने की सूरत में कर्मचारी लोगों के काम करवाने के नाम पर कोई न कोई खामियां निकालकर चक्कर कटवाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई बार विभाग के उच्चाधिकारियों को भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिस कारण लोगों में निगम के प्रति भारी रोष है। किसान नेता राजीव



युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य किसानों के साथ निगम के खिलाफ नारेबाजी करते।

**कार्रवाई अमल में लाई जाएगी**

सुविधा शुल्क की मांग करने वालों की लिखित शिकायत करें, कार्रवाई होगी इस बारे में विद्युत निगम ढांड के एस.डी.ओ. प्रिंस भूरा ने कहा कि बिजली बोर्ड में बिजली संबंधी कोई भी समस्या हो ग्रामीण व किसान सीधे आकर उनसे मिले, उनकी समस्या का मौके पर ही निदान किया जाएगा। अगर कोई बिजली कर्मचारी सरकारी कार्य की एवज में सुविधा शुल्क की मांग करता है तो उसकी लिखित रूप में शिकायत दो, विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाकर उचित विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आर्य ढांड ने आरोप लगाया कि जला ट्रांसफार्मर बदलाने के लिए ग्रामीणों व किसानों को छोटे से लेकर बड़े अधिकारी के चक्कर काटने पड़ते है।

### आमजन यातायात नियमों का दृढ़ता से पालन करें

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन यातायात नियमों का दृढ़ता से पालन करें। यदि हम यातायात नियमों का सही पालन नहीं करेंगे तो स्वयं की जिंदगी के साथ-साथ अन्य जान-माल का नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन चालक जरूर हेलमेट का उपयोग करें, इसमें कोई लापरवाही ने बरतें। परिजन अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन न चलाने दें। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह यातायात नियमों का पालन करें। हमारी थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। समय-समय पर स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### कैथल-पटियाला मार्ग पर डिवाइडर से बढ़ा हादसों का खतरा

**सीवन ।** नगर में कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर बना डिवाइडर लोगों के लिए सुरक्षा की बजाय परेशानी का सबब बन गया है। डिवाइडर जहां अचानक समाप्त होता है और फिर बिना किसी संकेत या लाइटिंग के नए सिरे से शुरू हो जाता है, वहां वाहन चालकों को भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। नतीजतन, आए दिन कोई न कोई वाहन चालक इनसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिवपुरी के पास, थाना क्रॉस करने के बाद, कामरा स्वीट्स के पास तथा बिजली बोर्ड के सामने ऐसे कई स्थान हैं जहां डिवाइडर अचानक समाप्त होकर थोड़ी दूरी बाद फिर से शुरू हो जाता है। बीच में लंबे गैप होने के कारण वाहन चालकों को यह पता ही नहीं चलता कि डिवाइडर कहाँ खत्म हुआ और कहाँ से दोबारा शुरू होगा। नगर निवासी बलजीत प्रजापत, विजय सरदाना, राजकुमार वाधवा, राजेंद्र सैनी, पुरुषोत्तम, भीषु चौधरी, नरेश मित्तल, साहिल, संजू और विजय ने बताया कि यह डिवाइडर उचित योजना के बिना बनाया गया है।



### खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सीवन।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में मंगलवार को खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और पर्यावरण आज के समय की अहम आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित होती है। प्रदर्शनी में ब्लॉक के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में पर्यावरण विषय से संबंधित आकर्षक वर्किंग मॉडल तैयार किए। मॉडलों में जल संरक्षण, वायु प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता जैसे विषय प्रमुख रहे। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बच्चों की नवीन सोच और उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा रही।



### एसपी ने सीएलजी सदस्यों को उचित दिशा निर्देश दिए

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक कैथल आस्था मोदी द्वारा मंगलवार को थाना शहर कैथल स्थित समाजसेवी संस्था कम्यूनिटी लाईजन ग्रुप (सीएलजी) के कार्यालय में पहुंचकर संस्था के पास आने वाली शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट हासिल करते हुए सीएलजी सदस्यों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसपी आस्था मोदी द्वारा निरंतर रूप से बेहतरीन कार्य कर रहे कम्यूनिटी लाईजन ग्रुप के कार्य की प्रशंसा की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर परिसर में स्थित सीएलजी कार्यालय पहुंचने पर एसपी आस्था मोदी का संस्था के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। संस्था के सदस्यों ने एसपी को बताया गया कि वर्ष 2017 में स्थापित यह संस्था अब तक 641 मामले निपटा चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सास-बहू व पति-पत्नी के घरेलू विवाद, मारपीट तथा प्लाट-जमीन आदि के विवाद होने पर आमजन अब कोर्ट कचहरी के चक्कर से बचने के लिए सीएलजी के पास शिकायते ले जाने में रुचि ले रही है।



# देश को विकसित राष्ट्र बनाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की रहेगी अहम भागीदारी : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा कैथल शहरी मण्डल की कार्यकारिणी बैठक मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को चार अलग-अलग सत्रों में विभाजित किया गया जिनमें विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यवक्ता के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक लीला राम, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, जिला आई टी प्रमुख रविन्द्र धीमान, मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की । पहले सत्र में मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग ने संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और प्रत्येक बूथ पर नियमित कार्यक्रमों के आयोजन पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति बूथ स्तर पर ही निहित है और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पहचान हैं।



**ये रहे मौजूदः** भाजपा वरिष्ठ नेता रवि भूषण गर्ग , पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति, नरेश मित्तल , प्रवीण प्रजापति, मण्डल महामंत्री रविन्द्र गिल, जसबीर पाबला, उपाध्यक्ष जय कृष्ण राय, रोहित मचल, कर्मवीर जांगड़ा, सीमा शर्मा, सचिव विक्की सैनी , पूजा रानी, अशोक धीमान, मुकेश सचदेवा, मीडिया प्रभारी मंजीत चौहान, आईटीप्रमुख कमल भटनागर, अशोक सैनी, आशा रानी, कमलजीत कौर, अक्षरा गुप्ता, रमनदीप चहल, सतपाल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### स्लोगन प्रतियोगिता में स्नेहा रही प्रथम

**कैथल।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत प्रदेश में मनाए जा रहे उद्यमिता पखवाड़े के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने किया तथा अध्यक्षता अधीक्षक सोहन लाल ने की। इसमें 31 युवाओं ने भाग लिया प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, जैस्मिन द्वितीय, व प्रीतकौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सतीश सैनी वर्ग अनुदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी शमशेर मलिक ने राष्ट्रीय सेवा योजना ने करते हुए युवाओं को प्रतियोगिता के लिए बधाई दी और कहा कि उद्यमिता की भावना हमारे युवाओं में नई ऊर्जा और नऐ उत्साह का संचार करती है। इस पखवाड़े का उद्देश्य भी युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना व अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित करना है।

### खंड गुहला में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया राष्ट्रीय कृमि दिवस



आंगनबाडी में नौनिहालों को दवाई पिलाती कर्मचारी

**गुहला-चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि खंड गुहला में विभाग द्वारा मंगलवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाई गई तथा इन गोलियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगभग 7 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। उन्होंने बताया कि जो बच्चें आज ये गोलियों नहीं लें पाए है उन्हें ये गोलियां 2 सितंबर को मॉप अप डे वाले दिन दी जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर दीप्ति ने बच्चों के परिजनों को जानकारी देते हुए बताया कि एल्बेंडाजोल की गोलियां बच्चों को खाना खिलाने के बाद देनी चाहिए। प्रत्येक 6 महीने में एक बार एल्बेंडाजोल की गोली देने से बच्चों के पेट में कीड़े नहीं होते और उनका विकास बाधित नहीं होता। उन्होंने कृमि नाशक दिवस के महत्व व उद्देश्य के बारे में समझाया गया। परिजन 19 वर्ष तक निर्धारित माह में आयोजित कृमि मुक्ति दिवस के दिन कृमि नाशक गोली एल्बेंडाजोल जरूर खिलाएं। खाना खिलाने से पहले व खाना खिलाने के बाद बच्चों के हाथ जरूर धुलवाएं और स्वच्छता के बारे में जागरूक करें।

### जिले के 266 होनहार विद्यार्थी ब्लॉक स्तर के सरकारी स्कूलों में प्राप्त करेंगे विशेष कोचिंग

# जिले के छह स्कूलों में इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड कोचिंग शुरू

- एक सितंबर से शुरू होंगी कक्षाएं, 54 गणित अध्यापक विद्यार्थियों को करेंगे प्रशिक्षित
- चयनित विद्यार्थी अब ब्लॉक स्तर के स्कूलों में विशेष कोचिंग प्राप्त करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के छह सरकारी स्कूलों में इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड कोचिंग की शुरूआत हो गई है। मंगलवार को इसको लेकर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिले के सरकारी स्कूलों के 2048 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी, जिसमें से 266 होनहार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। ये चयनित विद्यार्थी अब ब्लॉक स्तर के स्कूलों में विशेष कोचिंग प्राप्त करेंगे। एक सितंबर से कक्षाएं शुरू होंगी।

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आप पूरे जिले के विशेष विद्यार्थी हैं, जिन्हें निशुल्क इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की तैयारी करने का अवसर मिला है। माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का मार्गदर्शन आपको नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। यह पहल कैथल जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। इसलिए जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। समय बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ न गवाएं। अच्छी शिक्षा प्राप्त करके एक अच्छा नागरिक बनें और समाज व राष्ट्र के लिए अपना सक्रिय योगदान दें।

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने कहा कि गणित में दक्षता प्राप्त करने वाला विद्यार्थी बुनियाद, सुपर-100 सहित किसी भी परीक्षा में सफल हो सकता है। यह अवसर न सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाएगा बल्कि देश-विदेश की यूनिवर्सिटीज में न्यूनतम खर्च पर उच्च शिक्षा का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।



**कैथल।** इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड कोचिंग कार्यक्रम में बैठे एडीसी दीपक बाबू लाल करवा व अन्य।

### इन स्कूलों में मिलेगी कोचिंग

उन्होंने बताया कि कोचिंग के लिए स्कूल निर्धारित किए गए हैं। इनमें पूंडरी खंड में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी, कैथल खंड में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल, कलायत खंड के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलायत, राजौंद खंड में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद, सीवन खंड में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीवन, गुहला खंड में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहला शामिल हैं।

### टॉप 100 विद्यार्थियों को मिलेंगे पुरस्कार

जिला विज्ञान विशेषज्ञ छत्रपाल ने बताया कि राज्य स्तरीय ओलंपियाड में सफलता प्राप्त करने वाले टॉप 100 विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को एक लाख, द्वितीय को 51 हजार तथा तृतीय को 21 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। अगले 97 चयनित विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये प्रति विद्यार्थी दिए जाएंगे। इंटरनेशनल स्तर पर क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों को विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालयों में बिना प्रवेश परीक्षा के स्पेशल कोटा के तहत दाखिला प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### बुधवार और शुक्रवार को लगेंगी कक्षाएं

जिला विज्ञान विशेषज्ञ छत्रपाल ने बताया कि जिले के 54 गणित अध्यापक इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। यह कक्षाएं सप्ताह में बुधवार और शुक्रवार को प्रातः 11: 00 बजे से दोपहर 2: 30 बजे तक आयोजित होंगी। हर 15 दिन बाद कक्षा में प्री कॉलेज मैथमेटिक्स नामक पुस्तक पढ़ाई जाएगी, जिसे जिला परिषद कैथल द्वारा खरीदा गया है। इन विद्यार्थियों को हरियाणा मैथ ओलंपियाड तथा इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड के लिए तैयार किया जाएगा।

### कैथल की अदालतों में आज रहेगी हड़ताल

**कैथल ।** अंबाला में दो वकीलों के खिलाफ पुलिस द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज करने के विरोध में 27 अगस्त को कैथल की अदालतों में कामकाज बंद रहेगा। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस की ज्यादती लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस बिना देखे, सोचे समझे और बिना जांच किए किसी के खिलाफ भी झूठी एफआईआर दर्ज कर देती है। इस प्रकार की घटनाएं पहले भी कई बार हुई हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला के वकीलों तेजिंद्र मोहन लिबरान और संजीव मोहन लिबरान के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करना पुलिस की ज्यादती है। वकील हमेशा पुलिस के साथ सहयोग करते हैं, तालमेल बना कर रखते हैं लेकिन पुलिस कभी भी वकीलों का सहयोग नहीं करती। इस प्रकार की घटना निंदनीय हैं। पुलिस अपनी पावर का दुरुपयोग कर रही है।

**सूचना**

मैं, राकेश कुमार पुत्र श्री मदन लाल निवासी वार्ड नंबर-7, जुलाना, तहसील जुलाना, जिला जींद बयान करता हूं कि मेरी पुत्री नैन्सी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी 28 को करेंगे उपवास

**कैथल।** जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के विरोध में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी 28 अगस्त को सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख उपवास करेंगे और उपवास के उपरान्त सिविल सर्जन के माध्यम से राज्य के महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमन्त्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### जाखौली में बच्चों को दी अलबेंडाजोल टेबलेट

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को अलबेंडाजोल टेबलेट दी गई। इस दौरान सुमन देवी आशा वर्कर व बबीता रानी एवं मौके पर मौजूद रही। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चा ही देश का उज्ज्वल भविष्य है। बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और रोगों से बचाव के लिए ऐसे अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी अध्यापकों विद्यार्थियों व स्वास्थ्य विभाग एवं आशा वर्करों कार्यक्रम आभार व्यक्त किया।

### मुनाफा कमाने का लालच दे 6,16,300 रुपये ठगे

**कैथल।** शहर के नेहरु गार्डन कॉलोनी की एक युवती से अज्ञात आरोपियों ने इन्वेस्टमेंट कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दे छह लाख 16 हजार 300 रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने वर्क फ्रॉम होम से ठगी शुरू की, लेकिन बाद में उससे शेयर में इन्वेस्टमेंट तक ले गए। इस संबंध में युवती ने साइबर थाने में शिकायत दी है। सिविल लाइन थाने में दी गई शिकायत में नेहरू गार्डन कॉलोनी कैथल निवासी प्रिया रानी ने बताया कि गत तीन जून को उसके मोबाइल नंबर पर एक विदेशी नंबर से वर्क एट होम का वॉट्सऐप मैसेज आया, जिसमें उसका अर्पिता सुधाकर नाम की युवती से संपर्क हुआ।

### महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**जींद।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को हिंदू कन्या महाविद्यालय में एंटी ड्रग्स अवेयरनेस सेल द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डा. सीमा दलाल ने किया। इस रैली में लगभग 60 छात्राओं और पांच सहायक प्राध्यापकों ने भाग लिया और से नो टू ड्रग्स तथा ड्रग्स से दूर रहें जैसे नारों के साथ समाज को नशे के दुष्परिणामों से बचने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग व्यक्तिए परिवार और समाज के लिए घातक है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया

**राजौंद।** राजौंद ब्लॉक की स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अभियान में नीम,अशोक,मीठा नीम , जैसे कुल 20 पौधे रोपित किए गए । इस दौरान ग्राम पंचायत घर में नेहरू युवा केंद्र कैथल द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में हुआ।

## भगवान गणेश का स्वागत करने के लिए श्रद्धालु तैयार

आज गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु घरों में लाएंगे भगवान गणपति को

श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को घर में विराजने के लिए तैयारियां की पूरी घरों में मंदिरों की करी सफाई, जगह-जगह होंगे जागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लाल बाग के राजा भगवान गणेश के स्वागत को लेकर श्रद्धालु तैयार हैं। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को घर में विराजने के लिए तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। बाकायदा मंदिरों की विशेष साज सज्जा की गई है। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह जागरणों का भी आयोजन किया हुआ है। बुधवार को गणपत्ती बप्पा को गाजे-बरजे के साथ श्रद्धालु घर लेकर आएंगे। भाद्र पद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश उत्सव का आरंभ किया जाता है। इसदिन श्रद्धालु आगामी दस दिनों के लिए अपने घर पर भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित करते हैं और पूरे विधि-विधान से पूजा करते हैं। दसवें दिन पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को ढोल बाजे बजा नाचते हुए विदा किया जाता है। बुधवार से गणेश उत्सव की शुरूआत होगी।



जींद। गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर सजा जयंती देवी मंदिर।



नरवाना। कार्यक्रम के लिए लगाया जा रहा विशाल पंडाल।

### गणपति को घर विराजने के लिए तैयारियां पूरी

स्कीम नंबर 19 स्थित दंत चिकित्सक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि वो हर वर्ष गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा से मनाते हैं। हर बार की तरह इस बार भी वो बुधवार को अपने आवास पर भगवान गणपति की प्रतिमा की स्थापना करेंगे। भगवान गणपति बुद्धि और शुभता के देवता हैं। वहीं जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि हिंदू पांचांग के अनुसार गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए 27 अगस्त को सुबह 11 बजकर 05 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट तक का शुभ मुहूर्त रहेगा। इस बार गणेश चतुर्थी पर प्रीति, सर्वार्थ सिद्धि, रवि के साथ इंद्र ब्रह्म योग का संयोग बना रहेगा। वहीं लक्ष्मी नारायण योग का भी निर्माण होगा। ठीक दस दिन बाद विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालु धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमा को अपने घर लाएं और फिर विधि विधान से मूर्ति की स्थापना कर जलाभिषेक करें।

### उत्सव को लेकर तैयारियां पूरी

**नरवाना।** पुरानी अनाज मंडी श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा इस बार 10वां गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। कथा सुनने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस बार बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है। पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया है। समिति के प्रधान कैलाश सिंगला व संयोजक विनोद मंगला ने बताया कि इसमें 11 सौ महिलाएं कलश उठाएंगी। कलश यात्रा बाबा गैबी साहब परिसर से निकाली जाएगीए जो कि पुरानी अनाज मंडी में स्थित कथा स्थल पर पहुंचेगी। प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया तीन सितंबर तक वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक छबीले छैल महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान करवाया जाएगा।

### तीन दिवसीय गणेश महोत्सव आज से

रिद्धि सिद्धि क्लब के प्रधान सुभाष अनेजा ने बताया कि 27 से 29 सितंबर तक पुरानी सब्जी मंडी मिड्ढा औषधायल के निकट गणपति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्लब सदस्यों ने नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला को निमंत्रण दिया। क्लब संरक्षक राजन चिल्लाना ने बताया कि कार्यक्रम में 30 प्रतिभाशाली बच्चों को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं चित्रकारों द्वारा लाइव गणपति भगवान का चित्र बनाया जाएंगे। 27 से 29 अगस्त तक सत्संग का आयोजन रात आठ से 12 बजे तक होगा। 30 अगस्त को भंडारे का आयोजन होगा। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि क्लब द्वारा हर वर्ष गणपति महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान गणपति की पूजा करते हैं। इस बार भी गणपति महोत्सव का भव्य आयोजन होगा।



प्रधान सुभाष चंद्र।

### गणेश जी के मंत्रों का जाप विशेष फलदायी

**सीवन।** महंत अवध बिहारी दास ने कहा कि भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मनाई जाने वाली भगवान गणेश चतुर्थी इस वर्ष 27 अगस्त, बुधवार को है। यह दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों का संगम है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता कहा गया है, अतः इस दिन उनकी अराधना से जीवन के संकट दूर होते हैं। श्रद्धालुओं को चाहिए कि भगवान गणपति जी स्थापना स्वच्छता और शुद्ध भाव से करें। मिट्टी की प्रतिमा और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का प्रयोग कर पूजा करना सर्वोत्तम माना गया है। इस दिन व्रत, उपवास और भगवान गणेश जी के मंत्रों का जाप विशेष फलदायी होता है। महंत ने कहा कि श्रद्धालुओं को दिखावे से दूर रहकर सरलता और सच्चाई से बप्पा की पूजा करनी चाहिए। गणेश चतुर्थी पर प्रसाद में मोदक का विशेष महत्व है, इसे अवश्य अर्पित करना चाहिए। सामूहिक आरती और भजन-कीर्तन से घर-परिवार और समाज में एकता की भावना बढ़ती है।



महंत अवध बिहारी दास

## आदर्श शिक्षक स्थापित करना उनका दायित्व



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. संकल्प। फोटो :हरिभूमि

- जीवन में तनाव के बहुत सारे कारण : डा. संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. डा. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। वीसी ने कक्षाओं के संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई और शिक्षकों की समर्पित कार्यशैली पर आधारित है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी का सर्वोच्च दायित्व है।

वीसी ने सभी शिक्षकों से समयबद्ध एवं अनुशासित ढंग से कक्षाओं का संचालन करनेए विद्यार्थियों की शंकाओं का धैर्यपूर्वक समाधान करने तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं तकनीक का उपयोग करने का आह्वान किया।

### जीवन में तनाव के बहुत सारे कारण : डॉ. संकल्प

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग के स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम के छठे दिन जींद सामान्य अस्पताल के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा. संकल्प डोडा, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के डायरेक्टर स्पोटर्स डा. नरेश देशवाल एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉण देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डा. संकल्प ने अपने संबोधन में बताया कि जीवन में तनाव के बहुत सारे कारण हैं। जैसे कि अपने कार्यस्थल पर खुश न रहना, कार्यस्थल पर शोषण, क्षीण प्रबंधन क्षमता, वित्तीय अथवा अन्य प्रकार की अक्षमता मुख्य हैं। डा. संकल्प ने कहा कि तनाव का प्रबंध करने के लिए हमें शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। बच्चों के साथ खेलना कूदना चाहिएद्ध बच्चों के साथ या अपने दोस्तों के साथ बातचीत करनी चाहिए एवं यदि स्वयं को किसी प्रकार का शौक है तो उसे पूरा करने की ओर जाना चाहिए। डा. अनुपम भाटिया ने वक्ताओं का विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए वक्तव्यों के लिए धन्यवाद किया।

## विधानसभा में गूंजा नपा की दुकानों का मालिकाना हक दिए जाने का मुद्दा

- विधायक देवेंद्र अत्री ने उठाई दुकानदारों की मांग
- नगर निकाय मंत्री ने दिया एक महीने तक कार्यवाही का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। विधानसभा में नपा की दुकानों के मालिकाना हक दिए जाने की मांग उठाते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

पिछले कई सालों से उचाना शहर में नपा की दुकानों के मालिकाना हक के लिए चक्कर काट रहे दुकानदारों की आवाज बनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सवाल पूछा। नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा विधायक द्वारा पूछे गए सवाल का जबाव देते हुए कहा कि उचाना में 21 नगर पालिका की दुकाने है। दो दुकानदारों द्वारा स्वामीत्व योजना के आवेदन किया हुआ है। एक महीने के अंदर इस आवदेन पर कार्यवाही हो जाएगी। दुकानदारों द्वारा विधानसभा में उनके मुद्दे को उठाने पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार प्रकट किया। इससे पहले विधायक ढाकल हैड से रजबाहा, उचाना में उद्योग लगाने, पार्क, सरकारी कॉलेज के निर्माण सहित विभिन्न मुद्दे पहले भी उठा चुके है। दुकानदार विनोद गर्ग ने बताया कि वो बीते कई सालों से दुकानों के मालिकाना हक के लिए चक्कर काट रहे है। सरकार की स्वामीत्व योजना के तहत दुकान का मालिकाना हक मिलना है। बार-बार चक्कर काटने के बाद विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से दुकानदारों के साथ मिले।



जींद। नागरिक अस्पताल की लैब में जांच रिपोर्ट लेने के लिए लगी लाइन।

### निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड पर शुरू हुआ उपचार

**जींद।** सरकार से वार्ता व आश्वासन मिलने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने मंगलवार से आयुष्मान कार्ड के तहत आप्रेशन व अन्य चिकित्सा सुविधाओं को देना फिर से शुरू कर दिया है। पिछले एक पखवाड़े से निजी अस्पतालों में आप्रेशन नही किए जा रहे थे। जिसके चलते आयुष्मान कार्ड धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यह कार्ड धारक कभी नागरिक अस्पताल तो कभी निजी अस्पतालों के चक्कर काट रहे थे लेकिन नागरिक अस्पताल में लंबी प्रक्रिया व निजी अस्पतालों में आप्रेशन का मोटा खर्च इनके बस से बाहर था। ऐसे में ये लोग आईएमए के निर्णय को वापस लेने का इंतजार कर रहे थे। अब मंगलवार से आईएमए ने आप्रेशन व अन्य स्वास्थ्य सबंधित उपचार प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिससे कार्ड धारकों को राहत मिली है। जींद में कुल 11 अस्पताल सरकारी तथा 18 निजी अस्पताल आयुष्मान पैनल पर हैं। इन निजी अस्पतालों में प्रतिदिन लगभग 80 आप्रेशन व अन्य ओपीडी होती है। जिला में डेढ़ लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान व चिरायु कार्ड भी बने हुए हैं। निजी अस्पतालों ने करोड़ों रुपये का बकाया सरकार की तरफ होने के चलते निजी चिकित्सकों ने उपचार के लिए अपने हाथ खड़े कर दिए थे।

## हर्षिल ने जीता तीरंदाजी में गोल्ड

- हैदराबाद में आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

तीरंदाजी में गोल्डए सिल्वर मेडल जीतकर मंगलवार को पहुंचे नचार खेड़ा गांव के हर्षिल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। शहर से खुली जीप में डीजे के साथ आतिशबाजी करते हुए बाइकों के काफिले के साथ गांव तक लेकर गए। हर्षिल ने बताया कि उसको तीरंदाजी में 30 मीटर में गोल्ड वह 20 मीटर में सिल्वर मेडल मिला है। हैदराबाद में केवीएस 54वीं नेशनल सपोट्र्स आर्चरी अंडर 17 का आयोजन हुआ। 18 से 23 अगस्त तक प्रतियोगिता हुई। नरवाना में कोच प्रवीण मालिक से तीरदांजी अकादमी में अपना प्रशिक्षण करते हैं। पिता सुनील कुमार ने बताया कि बेटा दो मेडल एक साथ जीतकर आया है, तो उनके लिए बहुत ही गर्व की बात है। पहले भी नेशनल में एक मेडल हर्षिल जीत चुका है। अब उनके बेटे व पूरे परिवार का सपना है कि वह ओलंपिक में खेले और बेहतरीन प्रदर्शन कर गांव व देश का नाम रोशन करें। सरपंच धर्मवीर ने बताया कि पूरे गांव को खुशी है कि हर्षिल ने नचार खेड़ा, उचाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। युवा खेलों में अपना योगदान देते हुए गांव का नाम पूरे देश में रोशन करें। गांव में खेलों के प्रति गांव के युवाओं का रुझान बहुत अच्छा है। गांव में खेलने वाले युवाओं के लिए खेल मैदान की व्यवस्था की गई है।



उचाना। तीरंदाजी में गोल्डए सिल्वर मेडल विजेता नचार खेड़ा का हर्षिल को आशीर्वाद देती महिलाएं।

## फतेहपुर में टूटी गलियों की रिपेयर को लेकर ग्रामीणों का पब्लिक हेल्थ कार्यालय पर प्रदर्शन

- ग्रामीणों का आरोप, अधिकारियों से मिलीभगत के चलते ठेकेदार किसी की नहीं सुन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव फतेहपुर में सीवरेज पाइपलाइन दबाने के दौरान उखाड़ी गई गलियों और सड़कों की मरम्मत न होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को पब्लिक हेल्थ कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सरपंच सोहनलाल वर्मा के साथ ग्रामीणों ने किया। ग्रामीण कैलाश, आशु शर्मा, विशाल वालिया, कनिष्क, संतोष पंच, कैरनल और दीपक ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत के चलते वे पिछले डेढ़ साल से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जिसके लिए वे प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से लेकर सरकार के विधायक व मंत्रियों को भी मिलकर समस्या से अवगत करवा चुके है, लेकिन ठेकेदार किसी की भी नहीं सुन रहा है। बरसात के दिनों में गलियों और सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि कई जगह यह पता ही नहीं चलता कि सड़क कहां है और गड्ढे कहां हैं।



पूंडरी। पब्लिक हेल्थ कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए ग्रामीण।

### बारिश के चलते कार्य बाधित

बारिश के मौसम की वजह से रिपेयर का काम नहीं चल पा रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों की मांग है कि सभी गलियां और सड़क दोबारा बनाई जाए। जिसके लिए लगभग 5 करोड़ का एस्टीमेन्ट बनाकर भेजा हुआ है, जो प्रोसेस में है।

- जगदीश चंद, एसडीओ पब्लिक हेल्थ पूंडरी।

## ऑपरेशन आक्रमण दौरान विभिन्न मामलों में 45 काबू

- अपराधियों से सख्ती से निपटेगी कैथल पुलिस : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एंटी नारकोटिक सैल पुलिस गिरफ्त में चरस सहित काबू किया गया आरोपी

हरियाणा में अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला कैथल पुलिस ने एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अथक प्रयास करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 45 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी आस्था मोदी के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 66 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 281 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग शीर्षक के 17 मामले दर्ज किए गए। जिनमें आबकारी अधिनियम के 13 मामलों में 12 आरोपी काबू करके 83 बोतल देसी, 40 बोतल हथकढी व 855 लीटर लाहण बरामद किया गया है। जुआ, सट्टा खाईवाली करने वालो पर भी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू करके 2310 रुपए सट्टा राशि बरामद की गई। अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 2 मामलो में 2 आरोपियों को काबू करके 2 देशी पिस्तौल व 1 कारतुस बरामद किए गए। नशा तस्करों पर प्रहार करते हुए 2 नशा तस्कर काबू किए गए, जो एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा गांव बाता से आरोपी बाता निवासी तेजपाल को 757 ग्राम चरस सहित काबू किया गया तथा दूसरे मामले में चौकी क्योड़क पुलिस प्रभारी एएसआई मोहन लाल की अगुवाई में एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा क्योड़क पुल के पास से आरोपी गांव धौंस निवासी पाला को 1 किलो 150 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू किया गया।

### पुलिस ने कसा शिकंजा

**जींद।** जिला पुलिस द्वारा एसपी कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशों पर मंगलवार को ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। जिसके लिए छह राजपत्रित अधिकारियों सहित 62 विशेष टीमों का गठन किया गया। जिसमें 290 पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारी शामिल रहे। अभियान के तहत 167 जगहों पर छापेमारी तथा औचक दस्तक दी। जिसमें 19 मुकद्में दर्ज किए गए और 21 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

## पूर्व विधायक स्व. डॉ. हरिचंद मिड्ढा की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

- भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने जरूरतमंदों बांटा सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। जरूरतमंदों को खाना वितरित करते हुए रूद्राक्ष मिड्ढा।

गरीबों के डाक्टर के नाम से मशहूर पूर्व विधायक स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर नमन किया गया। पुण्यतिथि को लेकर स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा के बेटे एवं भाजपा विधायक व हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा सहित अन्य परिवार के सदस्य आयोजन में मौजूद रहे। सर्वप्रथम मां भगवती की पूजा की गई। इसके बाद जरूरतमंदों को जरूरत का सामान वितरित किया गया। वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धों को खाना खिलाया गया व उनका आर्शीवाद लिया गया। रूद्राक्ष मिड्ढा ने स्वयं वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों के साथ भोजन किया और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। भाजपा युवा नेता डा. रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि उनके दादा जी सादगी की मिसाल थे। राजनीति में आने से पहले तथा राजनीति में आने के बाद भी उन्होंने अपने चिकित्सक पेशे को नहीं छोड़ा। वो मरीजों की सेवा और उपचार करते थे साथ ही हर जरूरतमंद की सहायता भी कर देते थे। यह सिलसिला उन्होंने विधायक बनने के बाद भी बंद नहीं किया था।

## यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों के हों चालान

## अधिकारी सभी सड़कों को मोटरेबल करवाना करवाएं

- एडीसी ने ली सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक
- अवैध कटों को करवाएं बंद, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में हो सांकेतिक चिन्ह : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए एडीसी विवेक आर्य। फोटो :हरिभूमि

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि अगर जिला में किसी भी सड़क पर गड्ढे हैं, उन्हें संबंधित अधिकारी दुरूस्त करवाएं ताकि सभी रोड मोटरेबल हों। राष्ट्रीय व राजमार्ग पर अवैध कटों का बंद करवाना सुनिश्चित करें। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सांकेतिक चिन्ह जरूर होने चाहिए। जिला में सड़क सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करें। यह आम आदमी की जान की सुरक्षा को लेकर अति महत्वपूर्ण विषय है और सभी विभाग इसमें तालमेल के साथ काम करें। अगर किसी अधिकारी की ढिलाई सामने आई तो उस पर सख्त कार्यवाही होना तय है।

एडीसी विवेक आर्य मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बरसात के सीजन के चलते सड़कों के बर्म पर जो घास या झाडियां हो गई है, उन्हें संबंधित विभाग साफ करवाना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी क्षेत्रों में जाकर खुद भी इस कार्य की मॉनटिरिंग करें। सभी हाइवे के साइड से सर्विस रोड बिल्कुल दुरूस्त होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित सड़क पर कैटआई, साईन बोर्ड, रिफ्लेक्टर इत्यादि लगावाना सुनिश्चित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अकुंश लगाया जा सके।

### निरंतर स्कूल वाहनों की करें जांच

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लागू करवाने के लिए निरंतर स्कूल वाहनों की चेकिंग करें और बिना परमिट के चलने वाली बसों के जब्त करें। इसके साथ-साथ जो भी बसे ओवरस्पीड या गलत ड्राईविंग के चलती है उन सभी के नियमानुसार चालान किए जाएं। उन्होंने रेलवे विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे जहां भी रेलवे अंडरब्रिज बने हुए है बरसाती मौसम को देखते हुए अंडरब्रिज में भरे पानी को साथ ही साथ निकालना सुनिश्चित करें। एडीसी ने एजेंडे में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।